Shree Mahaviraya Namah !!


# SHREE MAHAVEER JI LAW COLLEGE

Vill. Ahmad Nagar, Naipalapur-Kasraila Road, Post Majlispur, Sitapur (U.P.) 261 125

Mob.: 8874270999, E-mail : ssrss.stp@gmail.com


Ref. xxx

Date 16/09/2026

OFFICE OF THE REGISTRAR
17 SEP 2026
No. 8694
LUCKNOW UNIVERSITY

सेवा में,

कुलसचिव,

लखनऊ वि0वि0

लखनऊ।

विषयः– वेबसाइट पर विज्ञापन अपलोड करनें के सम्बन्ध में।

महोदया,

सादर अवगत कराना है कि विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में असि0प्रो0 के चयन हेतु पदों का विज्ञापन दो समाचार पत्रों में प्रकाशित करा दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विज्ञापन को विवि0 की वेबसाइट पर अपलोड करवानें का कष्ट करें।

सादर।

भवदीय

Manager

Shree Mahaveer Ji Law College

Sitapur

इंचार्ज (वेबसाइट)

18/09/2026

...बना, दिया। विद्यालय के ... राकेश सिंह एवं श्रीमती ... सिंह ने भगवान श्री गणेश जी ... वत आरती उतारी तथा सभी ... गेश चतुर्थी की हार्दिक ... नाएं दीं।

बेहोश हो गई और कान से खून आ गगया। आनन-फानन में छात्रा को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

जलस्तर ने नदी किनारे बसी केशव ग्रीन सिटी कॉलोनी लोनियनपुरवा, तरीनपुर आदि कई मोहल्लों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शनिवार को कॉलोनियों में 400 से अधिक परिवार बाढ़ के पानी से घिरे रहे। घरों

उन्हें गोद में उठाकर पानी पार कर स्कूल वैन तक पहुंचाने को मजबूर हैं। कॉलोनी में आने-जाने के लिए अब ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार का सहारा लिया जा रहा है। कई परिवार जरूरी सामान लेकर सुरक्षित स्थानों

निशान से करीब 1.58 मीटर नीचे है। इसके बावूजूद सरायन और गोमती के बढ़ते जलस्तर ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा रखी है।

# फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

## ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप

...की रोशनी, संवाददाता।

...पुर। कोतवाली देहात इलाके में ...वार सुबह करीब 10 बजे एक ...हिता का शव संदिग्ध हालात में ...क अंदर फांसी के फंदे पर लटकता ...। घटना की जानकारी मिलते ही ...के में हड़कंप मच गया। सूचना पर ...ी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ...मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ...सिक टीम ने मौके पर पहुंचकर ...ास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। ...ाहिता के मायके वालों ने ससुराल ...पर दहेज की मांग को लेकर हत्या ...ने के बाद शव को फांसी के फंदे पर ...काने का आरोप लगाया है। ...नकारी के अनुसार खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चैबेपुर निवासी बनवारी लाल की 22 वर्षीय पुत्री रोशनी की शादी करीब चार साल पहले कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम सोनारी निवासी विवेक पुत्र हरिश्चंद्र के साथ हुई थी। शनिवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सोनारी गांव में एक विवाहिता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटक रहा है।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए, जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। विवाहिता की मौत की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और नकदी की मांग को लेकर रोशनी को प्रताड़ित करते थे। परिजनों के मुताबिक उत्पीड़न से परेशान होकर रोशनी करीब एक साल तक मायके में रही थी।

बाद में दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता होने के बाद वह दोबारा ससुराल चली गई थी। अब विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद मायके वालों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान अंश फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों के मध्य वितरित की हनुमान चालीसा




देश की रोशनी, संवाददाता।

प्रतापगढ़। धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाजपा की नगर उपाध्यक्ष कामिनी श्रीवास्तव ने हनुमान अंश फिल्म का प्रदर्शन देखा।

फिल्म देखने के दौरान उन्होंने उपस्थित दर्शकों एवं लोगों के बीच हनुमान चालीसा का वितरण कर लोगों को धार्मिक आस्था एवं संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। इस दौरान कामिनी श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान हनुमान भारतीय संस्कृति में शक्ति, भक्ति, समर्पण, साहस और सेवा के प्रतीक हैं। हनुमान जी के जीवन एवं चरित्र से हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य,कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती है।उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं प्रेरणादायी फिल्मों के माध्यम से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और महापुरुषों के आदर्शों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा सकता है। इस अवसर पर हनुमान चालीसा प्राप्त कर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मुकेश श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्र, शिवेश शुक्ल,शुभम शुक्ल सहित आदि फिल्म प्रेमी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ...68 वादों का हुआ निस्तारण



...ल एड डिफेन्स काउन्सेल एवं ...एल0वी0गण एवं उपस्थित रहे। ...राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल ...7568 वादों का निस्तारण किया ...। जिनमें 4108 फौजदारी वाद, ... एन0आई0 एक्ट, 74 मोटर ...टना वाद, 95 वैवाहिक वाद, 69 सिविल वाद, 623 बैंक ऋण, 14 बी0एस0एन0एल0 वाद, 02 स्थायी लोक अदालत कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 140176 मामले, एवं यातायात कार्यालय द्वारा 1336 वादों एवं विद्युत विभाग से 900 वादों तथा श्रम कार्यालय से 168 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्त प्रकरणों के अन्तर्गत फौजदारी वादों में 344810 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकारी कुशल पाल द्वारा कुल 74 मामलो में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को रुपए 57860000 का प्रतिकर दिलाया गया, बैंको के बकाया ऋण के 623 मामलों में बैंक एवं बकायेदारो के मध्य 62811913 रुपए एवं बी0एस0एन0एल0 वादों में कुल रूपया 17083 का समझौता हुआ। परिवार न्यायालय द्वारा 95 वैवाहिक मामलों का निस्तारण कराया गया, जिसमें कुल 25 जोडो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर बिदाई करायी गई। इस लोक अदालत में ई0सेवा केन्द्र में टेक्नीकल स्टाफ जीतेन्द्र कुमार मिश्र एंव राम चन्द्र यादव व यातायात पुलिस विभाग से आरक्षी अरविन्द कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।


**श्री महाबीर जी लॉ कालेज**

अहमद नगर-सीतापुर-261125

**आवश्यकता है**

असि0प्रो0 (विधि)- 10 पद

विधि-पंचवर्षीय- अंग्रेजी, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं मनोविज्ञान 1-1 पद।

शैक्षिक योग्यता एवं वेतन मान-

यू0जी0सी0 /बी0सी0आई के मानकानुसार (नेट/ पी0एच0डी0) इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित दो प्रतियों, चार फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड के साथ आवेदन करें।

सम्पर्क सूत्र-9653080437, 8317022396

Email-smlc3110@gmail.com